# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. उच्च शिक्षण संस्थानों की डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में कौनसे स्थान पर है?

(A) 9वें

(B) 7वें

(C) 5वें

(D) इनमें से कोई नही

- डिजिटल इंडिया मिशन के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विश्वविद्यालयों की ओर से दी जाने वाली डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में टॉप-10 में शामिल हो गया है।
- 3 साल के एकेडमिक रिकॉर्ड में देश में पहले नंबर पर यूपी और 10वें नंबर वेस्ट बंगाल है।
- वहीं, देशभर में राजस्थान के 123 उच्च स्तर के शिक्षण संस्थानों ने एनएडी पोर्टल पर रजिस्टर्ड करवाया है। देश में राजस्थान वर्ष 2023 और 2024 में चौथे और वर्ष 2025 में 5वें नंबर पर रहा। यह जानकारी भास्कर की ओर से एनालिसिस के दौरान सामने आई।

Yesterday Revision

01. राजस्थान आवासन मण्डल की "समृद्धि अपार्टमेंट योजना" को SKOCH गोल्ड अवार्ड।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम 'मन की बात' में बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय का उल्लेख किया

03.झीलों की नगरी उदयपुर में 20 मार्च से तीन दिवसीय 2nd राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (राइटेक्स-2026) का आगाज हुआ।

04. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर' (R4C) की स्थापना की घोषणा की है,

05. राजस्थान में व्यवसायिक गतिविधियों को फिर से गति देने की दिशा में राज्य सरकार ने अहम पहल करते हुए नई व्यवसायिक एलपीजी वितरण नीति लागू कर दी है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A)27वें नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के तहत आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में  में जोधपुर की राखी अटल ने तीन पदक जीते

(B)  टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 25-26 मार्च को चंडीगढ़ में किया गया

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- 27वें नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के तहत 25-26 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जोधपुर की राखी अटल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए।
- उन्होंने महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा महिला टीम स्पर्धा में अहम भूमिका निभाते हुए टीम को रजत पदक दिलाया, जबकि महिला युगल में भी कांस्य पदक हासिल किया।
- इससे पहले वे 2022 में ब्राजील में आयोजित समर डेफलिंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं,

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) हवाई यात्रियों को राहत देते हुए जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रदेश के पहले 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत कर दी गई है।

(2) इस कैफे के शुरू होने से अब यात्रियों को एयरपोर्ट पर भी किफायती दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- हवाई यात्रियों को राहत देते हुए जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रदेश के पहले 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत कर दी गई है।
- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने 29 मार्च को इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। इस कैफे के शुरू होने से अब यात्रियों को एयरपोर्ट पर भी किफायती दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी
- यह सुविधा उड़ान योजना के तहत खासतौर पर आम यात्रियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, ताकि हवाई यात्रियों को एयरपोर्ट पर खान-पान का विकल्प सस्ते दामों पर मिल सके।

03. हाल बैंकॉक में एशिया कप रैंकिंग तीरंदाजी में राजस्थान पुलिस में डीएसपी रजत चौहान ने कितने कांस्य पदक जीते है?



(A) 2 कांस्य पदक

(B) 3 कांस्य पदक

(C) 4 कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान पुलिस में डीएसपी रजत चौहान ने बैंकॉक में एशिया कप रैंकिंग तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक पर निशाना साधा। रजत ने रैंकिंग राउंड में 712 के स्कोर के साथ नंबर-1 रैंक भी हासिल की
- पुरुष टीम में रजत, उदय कंबोज, ऋषभ यादव मे सेमीफाइनल में वियतनाम से 234-233 से हार का सामना करना पड़ा।
- कांस्य पदक मुकाबले में भूटान को 234-232 से हराया। व्यक्तिगत मुकाबले में रजत को सेमीफाइनल में इंडिया के प्रथमेश जावकर से 149-148 से हार का सामना करना पड़ा। |

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड

(B) यह सम्मान नई दिल्ली स्थित नेशनल हैबिटेट सेंटर में स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।
- यह सम्मान 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली स्थित नेशनल हैबिटेट सेंटर में आयोजित स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया।
- राज्य की ओर से यह पुरस्कार डॉ. प्रवीण कुमार, सहायक निदेशक, एस.डी.जी. को ऑर्डिनेशन एंड एक्सीलरेशन सेंटर ने समारोह में ग्रहण किया।
- यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार आकलन प्रस्तुत करता है। विश्व स्तर पर स्थापित मानकों के आधार पर तैयार यह प्लेटफॉर्म नीति-निर्माताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सटीक एवं विस्तृत विश्लेषण उपलब्ध कराता है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है।

05. राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु क्या निर्धारित की गई है

(A) 5 वर्ष

(B) 3 वर्ष

(C) 2 वर्ष

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के सरकारी स्कूलों में घटते नामांकन को थामने के लिए शिक्षा विभाग ने एक बड़ा और व्यावहारिक कदम उठाया है।
- अब पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष के बजाय 5 वर्ष कर दी गई है। इस फैसले से उन हजारों अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें अपने बच्चों के दाखिले के लिए एक साल का लंबा इंतजार करना पड़ रहा था।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 6 साल की आयु अनिवार्य होने से पिछले सत्र में प्रदेश की 73,272 स्कूलों में करीब 3.5 लाख बच्चों का नामांकन कम हो गया था

जयपुर, शुक्रवार, 27 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-37

1. **राजस्थान** में राज्य एवं जिला स्तरीय अम्बेडकर पुरस्कार किस विभाग द्वारा प्रदान किए जाते हैं?
(A) शिक्षा विभाग
(B) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
(C) गृह विभाग
(D) महिला एवं बाल विकास विभाग

2. **राष्ट्रीय** शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अध्यादेश लागू करने वाला राजस्थान का प्रथम विश्वविद्यालय कौन सा है?
(A) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
(B) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
(C) महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
(D) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

3. **क्षय** रोग किस जीवाणु के कारण होता है?
(A) विब्रियो कोलेरी
(B) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस
(C) साल्मोनेला टाइफी
(D) स्ट्रेप्टोकोकस

4. **राजस्थान** में किस शहर को 'सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स' के उपनाम से जाना जाता है?
(A) उदयपुर
(B) डूंगरपुर
(C) बांसवाड़ा
(D) प्रतापगढ़

5. **औद्योगिक** पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को कितने मॉडलों पर विकसित करने का प्रावधान है?
(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

Today, Quiz:

**Q. उदयपुर में "राजस्थान औद्योगिक व्यापार एक्सपो -2026" के कौनसे संस्करण का आयोजन हुआ था ?**

(A) दूसरे

(B) पहले

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine